दूरभाष : कार्यालय 2331302

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग, रायपुर

(इंद्रावती भवन, विभागाध्यक्ष कार्यालय खण्ड–1 द्वितीय तल)

नया रायपुर – 492002

क्रमाक जी.बी.क्र.शा./(4)/वार्षिक रख–रखाव/2018–19/962 दिनांक 30-08-2018

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
चिप्स,
सिविल लाईन,
छ.ग. रायपुर

विषय :– शासकीय मुद्रणालय नया रायपुर/राजनांदगांव में स्थपित मशीनों के वार्षिक रख–रखाव बाबत आमंत्रित निविदा प्रपत्र को वेबसाईट में अपलोड करने बाबत।

––00––

विषयांतर्गत निविदा सूचना क्रमांक जी.बी.4 क्र.शा.(4)/वार्षिक/अनु./2018–19 दिनांक 30–08–2018 द्वारा शासकीय मुद्रणालय नया रायपुर/राजनांदगांव में स्थपित मशीनो के वार्षिक रख–रखाव अनुबंध करने हेतु निविदा आमंत्रित किया जाना है ।

जारी निविदा सूचना तथा निविदा प्रपत्र की एक प्रति एवं सी.डी संलग्न कर लेख है कि दिनांक 05–09–2018 से निविदा प्रपत्र का विक्रय प्रारंभ किया जाना है । अतः प्राथमिकता के आधार पर संलग्न निविदा प्रपत्र को वेबसाईट में अपलोड करने की कृपा करेंगे।

संलग्नः– निविदा प्रपत्र एवं सी.डी.

30/8/18

संयुक्त संचालक
मुद्रण तथा लेखन सामग्री
छ.ग. नया रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन

कार्यालय संचालक,
मुद्रण तथा लेखन सामग्री इन्द्रावति भवन, द्वितीय तल
छत्तीसगढ़, नया रायपुर

निविदा प्रपत्र

वर्ष 2018–19

शासकीय मुद्रणालय राजनांदगांव/रायपुर में स्थापित वेब आफसेट, अजीत, प्रिंट लाईन, डिजीटल डुप्लीकेटर, डुप्लो, एव कोनिका मेनोल्टा मशीनों के वाषिक रख–रखाव अनुबंध हेतु

निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि– 05–10–2018 (समय अपरान्ह 3.00 बजे तक)

निविदा खोलने की तिथि– 05–10–2018 (समय 4.00 बजे सायं)

मूल्य रूपये 500/–

कार्यालय संचालक
मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
इन्द्रावती भवन, द्वितीय तल छत्तीसगढ़ नया रायपुर

कमांक जी.बी..4 क्र.शा./(4)/वार्षिक अनु./2018–19./ 960 नया रायपुर, दिनांक 30-08-2018

//मुद्रण मशीनो के रख–रखाव हेतु निविदा सूचना //

इस विभाग के अंतर्गत शासकीय मुद्रणालय, राजनांदगांव तथा रायपुर में स्थापित बेब आफसेट, अजीत, 1, एंव 2, वेब आफसेट प्रिंट लाईन, ए/2 (2 नग), डिजिटल डुप्लीकेटर डुप्लो, 440 (3 नग,) डिजिटल डुप्लीकेटर डुप्लो, 650 (3 नग) एवं डिजिटल मल्टीकलर प्रिंटिंग मशीन ए/3 मुद्रण मशीन को सुचारू रूप से चलाने हेतु मशीन निर्माता कंपनियो (OEM)/ उनके द्वारा अधीकृत फर्म से जो उक्त मशीनों के वार्षिक रख–रखाव एवं सुधार का अनुभव रखते हो, सीलबंद लिफाफे में दरें आमंत्रित की जाती है ।

विस्तृत जानकारी हेतु निविदा प्रपत्र संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री कार्यालय इन्द्रावती भवन द्वितीय तल नया रायपुर से निविदा प्रपत्र दिनांक 05–09–2018 से 04–10–2018 तक कार्यालयीन समय पर रूपये 500/– नगद, अथवा रूपये 600.00 डाक से प्राप्त कर सकते हैं।

1. निविदा विक्री करने की अंतिम तिथि– 04–10–2018 समय अपरान्ह 5.00 बजे तक होगी
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि– 05–10–2018 समय अपरान्ह 3.00 बजे तक होगी
3. निविदा खोलने की तिथि– 05–10–2018 समय अपरान्ह 4.00 बजे

निविदा प्रपत्र **www.cgstate.govt.in** से डाउनलोड भी की जाकर निविदा में भाग लिया जा सकता है किन्तु इस हेतु निविदा शुल्क निविदा प्रस्तुत करते समय जमा करना होगा, तथा रसीद की प्रति लिफाफा "अ" में संलग्न करना अनिवार्य है।

विलम्ब से प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।)

संचालक
मुदण तथा लेखन सामग्री
छ.ग. नया रायपुर

संचालक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, इन्द्रावती भवन, ब्लाक–1 द्वितीय तल, छत्तीसगढ़, नया रायपुर

शासकीय मुद्रणालय, राजनांदगांव एवं नया रायपुर में स्थापित बेब आफसेट, मशीन अजीत 1, एंव 2, वेब आफसेट प्रिंट लाईन, ए/2 (2 नग), डिजिटल डुप्लीकेटर डुप्लो, 440 (3 नग,) डिजिटल डुप्लीकेटर डुप्लो, 650 (3 नग) एवं डिजिटल मल्टीकलर प्रिंटिंग मशीन ए/3 मुद्रण (कोनिका मेनोल्टा 6501) मशीनों के वार्षिक रख–रखाव अनुबंध हेतु निविदा की शर्तेः–

(1) शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव/शासकीय मुद्रणालय नया रायपुर स्थापित वेब आफसेट, अजीत, 1, एंव 2, वेब आफसेट प्रिंट लाईन, ए/2 (2 नग), डिजिटल डुप्लीकेटर डुप्लो, 440 (3 नग) डिजिटल डुप्लीकेटर डुप्लो, 650 (3 नग) एवं डिजिटल मल्टीकलर प्रिंटिंग मशीन ए/3 मुद्रण मशीन (कोनिका मेनोल्टा 6501) को सुचारू रूप से चलाने हेतु मशीनों के वार्षिक रख–रखाव एवं सुधार का अनुभव रखने वाले मशीन निर्माता कम्पनी (OEM)/उनके द्वारा अधीकृत फर्म द्वारा सभी मशीनों के लिए परिशिष्ट–1 में पृथक–पृथक दर अंकित किए जावें।

(2) **निविदा निक्षेप की राशिः–**

निविदा के साथ मशीनो के वार्षिक रख–रखाव हेतु रूपये 5000/– (रू. पांच हजार) मात्र की एफ.डी.आर./डी.डी. टेण्डर के साथ संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छ.ग. रायपुर के नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की हो, निविदा निक्षेप के रूप में जमा करना होगा, अन्य किसी रूप से निविदा निक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा। जिन निविदाकारों के भाव स्वीकृत होंगे उनकी राशि रोकी जाकर शेष निविदाकारों की उक्त राशि वापिस कर दी जावेगी । निविदा निक्षेप के बिना प्रस्तुत निविदाओं पर किसी स्थिति में विचार नही किया जावेगा ।

(3) **निविदा हेतु प्रतिभूति राशिः–**

फर्म का दर स्वीकृत होने पर प्रतिभूति राशि के रूप में स्वीकृत दर का 10% राशि का डी.डी./एफ.डी.आर. के रूप में संचालक मुद्रण तथा लेखन सामाग्री, छ.ग.रायपुर के नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की हो, जमा करना होगा । यह राशि निविदा निक्षेप की राशि से पृथक होगी । जिसे अनुबंध अवधि समाप्ति के पश्चात

संबंधित मुद्रणालय के उप–संचालक के रिपोर्ट के आधार पर फर्म को वापस किया जावेगा ।

(4) **निविदा प्रस्तुत करने का तरीका :–**

लिफाफा (अ) – लिफाफा "अ" के उपर '**निविदा प्रपत्र एवं तकनीकी प्रपत्र**' अंकित करें तथा सील बंद कर निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जावें । इसमें निम्न दस्तावेज एवं प्रपत्र रखें जावे ।

(i) दर प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित प्रपत्र (परिशिष्ट–1) को छोड़कर शेष निविदा प्रपत्र जिसके प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की सील एवं निविदाकर्ता के हस्ताक्षर हो ।

(ii) निविदा प्रपत्र क्रय की रसीद ।

(iii) जी.एस.टी.रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र एवं रिर्टन की गत एक वर्ष की प्रति।

(iv) पैन कार्ड की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति ।

(v) गत वर्ष 2017–18 के आयकर रिर्टन की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति ।

(vi) उद्योग विभाग से फर्म का स्थापना प्रमाण–पत्र

(vii) शासकीय मुद्रणालयों (राज्य अथवा केन्द्र सरकार) में स्थापित विभिन्न प्रकार के ऑफसेट अजीत, प्रिंट लाईन मशीनों का रख–रखाव/सुधार एवं स्पेयर पार्टस का प्रदाय आदेश, यदि किसी शासकीय मुद्रणालय से मिला हुआ हो तो आदेश की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें ।

(viii) डिजिटल मल्टीकलर प्रोडक्शन मशीन (कोनिका मेनोल्टा 6501) एवं डुप्लो मशीन के रख–रखाव/सुधार/एव स्पेयर पार्टस प्रदाय का केन्द्रीय अथवा छ.ग. के शासकीय कार्यालयों से यदि मिला हो तो आदेश की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें ।

लिफाफा –(ब) :– लिफाफा "ब" में "**मशीनों के वार्षिक रख–रखाव हेतु निविदा निक्षेप की राशि**" अंकित करें तथा सील बंद कर निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जावें । इसमें निविदा निक्षेप की राशि रूपये 5000/– एफ.डी.आर./डी.डी. के रूप में रखें।

लिफाफा –(स) :– लिफाफा ''स'' में **शासकीय मुद्रणालय राजनांदगांव/नया रायपुर में स्थापित मशीनों के वार्षिक रख–रखाव अनुबंध हेतु दर''** पृथक–पृथक अंकित करें। इसमें मूल निविदा प्रपत्र के निर्दिष्ट स्थान पर दर अंकों एवं शब्दों में स्पष्ट रूप से अंकित कर रखे तथा सील बंद कर निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जावें ।

लिफाफा –(द) :– लिफाफा ''अ'', ''ब'', एवं ''स'' को एक बड़ा लिफाफा ''द'' में रखना होगा। जिसके ऊपर **''शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव/शासकीय मुद्रणालय नया रायपुर में स्थापित मुद्रण मशीनों के वार्षिक रख–रखाव हेतु निविदा''** शब्द अंकित हो। बड़ा लिफाफा ''द'' भी सील बंद/मोहर बंद कर प्रस्तुत करना होगा । सील बंद/मुहर बंद लिफाफे पर निविदा प्रस्तुत करने वाले फर्मो/व्यवसायी का पूर्ण नाम एवं सम्पूर्ण पता, टेलीफोन/मोबाईल नम्बर, ई–मेल आदि अंकित होना चाहिए ।

(5) **निविदा खोलने का तरीका :–**

(i) सर्वप्रथम बड़ा लिफाफा **'द' (शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव/शासकीय मुद्रणालय नया रायपुर में स्थापित मुद्रण मशीनों के वार्षिक रख–रखाव हेतु निविदा)** खोला जाएगा ।

(ii) उसके बाद लिफाफा **'अ' (निविदा प्रपत्र एवं तकनीकी प्रपत्र)** खोला जाएगा ।

(iii) तत्पश्चात लिफाफा ''ब'' **(मशीनों के वार्षिक रख–रखाव हेतु निविदा निक्षेप की राशि'')** खोला जाएगा ।

(iv) तकनीकी बीड़ व निविदा निक्षेप के लिफाफे के परीक्षण के बाद उसमें सफल निविदाकारों के लिफाफा ''स'' **(शासकीय मुद्रणालय राजनांदगांव/नया रायपुर में स्थापित मशीनों के वार्षिक रख–रखाव अनुबंध हेतु दर)** खोला जाएगा ।

(v) मशीनों के वार्षिक रख–रखाव अनुबंध हेतु सफल निविदाकारों के परिशिष्ट–1 का तुलनात्मक विवरण तैयार किया जाएगा ।

(vi) न्यूनतम दर वाले फर्म की निविदा स्वीकृत की जाएगी ।

(vii) दर स्वीकृत होने पर प्रतिभूति के रूप में स्वीकृत दर का 10 % राशि डी.डी. /एफ.डी.आर. के रूप में संचालक मुद्रण तथा लेखन सामग्री छ.ग. नया रायपुर के नाम से बनवाकर कार्यालय में जमा करना होगा ।

(viii) न्यूनतम दर प्रस्तुत कर्ता की दर स्वीकृत होने पर निविदाकर्ता को 100 रूपये के स्टैम्प पेपर पर पत्र प्राप्त होने के 15 दिन के भीतर संबंधित मुद्रणालय के उप–संचालक के साथ अनुबंध निष्पादित करना होगा, अनुबंध पर होने वाला व्यय निविदाकार को वहन करना होगा । यदि निविदाकार 15 दिनों के भीतर अनुबंध निष्पादित नहीं करता है, तो उसकी जमा निविदा निक्षेप राशि राजसात कर ली जावेगी, साथ ही ऐसे निविदाकार को भविष्य में होने वाले ऐसे संव्यवहारों के लिए काली सूची में डाल दिया जावेगा। एक बार अनुमोदित दरें किसी भी कारण से परिर्वति नहीं की जावेगी ।

(6) **निविदा की अन्य शर्तें :–**

(i) निविदा में दर अंकों में तथा शब्दों में स्पष्ट अंकित होना चाहिए, काटपीट तथा ओवर राइटिंग वाली निविदाओं को विचार में लेने से इंकार किया जा सकेगा ।

(ii) वार्षिक रख–रखाव अनुबंध पश्चात एक वर्ष के लिए मान्य होगी । आवश्यक होने पर दोनों पक्षों की सहमति से समान शर्तों पर एक वर्ष के लिए अनुबंध बढ़ाया जा सकता है ।

(iii) अनुबंध अवधि में यदि फर्म का कार्य संतोजनक नहीं रहा तो उसे तत्काल एक माह की सूचना देकर पृथक किया जावेगा तथा प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जावेगी।

(iv) रख–रखाव के दौरान मशीन में लगाए जाने वाले पार्टस ओरिजिनल कम्पनी (OEM) का होना अनिवार्य है ।

(v) रख–रखाव का तात्पर्य यह है कि मशीन में विद्युत, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रानिक खराबी आने पर सुधार कार्य किया जा सके एवं जिसकी पर्याप्त व्यवस्था फर्म के पास उपलब्ध हो ।

(vi) मशीन सुधार करने हेतु फर्म के इन्जीनियर को प्रति माह में एक बार, तथा आवश्यकता होने पर दूरभाष से सूचना प्राप्त होने पर 24 घण्टे के अंदर प्रेस में उपस्थित होकर मशीन सुधारना होगा ।

(vii) फर्म की दर स्वीकृत होने पर फर्म को AMC का भुगतान तीन समान किश्तों में प्रत्येक चार माह पश्चात संतोषजनक रिर्पोट के आधार पर किया जावेगा ।

(viii) मशीन को सुधारने हेतु इन्जीनियर को आने जाने एवं रहने इत्यादि का खर्च संबंधित फर्म स्वयं वहन करेगा ।

(ix) संचालक, शासन के व्यापक वित्तीय हितों एवं कार्य सम्पादन की दृष्टि से निविदा की किसी शर्त को पूर्णतः या अंशतः शिथिल करने के साथ बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखेंगे, जिसके लिए कोई कारण बताना आवश्यक नही होगा । विवाद उत्पन्न होने पर संचालक का निर्णय अंतिम होगा ।

(x) बुलाई गई निविदा को किसी भी समय सक्षम अधिकारी द्वारा बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है ।

(xi) यदि फर्म (OEM) नहीं है तो उक्त प्रकार की मशीनों का सुधार करने का गत पांच वर्षों का अनुभव रखना अनिवार्य है । (शासकीय मुद्रणालय/विभाग का आदेश इत्यादि संलग्न करें)

(xii) यदि फर्म (OEM) है तो तद्संबंधित प्रमाण–पत्र संलग्न करें ।

(xiii) फर्म द्वारा संबंधित मशीनों की पार्टस इत्यादि की दर सूची संलग्न करना अनिवार्य है ।

(xiv) मशीन रख–रखाव का दर पार्टस सहित एवं पार्ट रहित तथा टैक्स अलग–अलग अंकित करना होगा ।

(xv) दर स्वीकृत होने पर फर्म को AMC का भुगतान तीन समान किश्तों में प्रत्येक चार माह पश्चात संतोषजनक रिर्पोट के आधार पर किया जावेगा ।

(xvi) फर्म के द्वारा सर्विस रिपोर्ट के साथ देयक तीन प्रतियों में देना होगा ।

(xvii) देयक में GST का उल्लेख पृथक से करना होगा ।

(xviii) देयक का भुगतान संबंधित फर्म को नियमानुसार टी.डी.एस. कटौती कर किया जावेगा ।

(xix) सुधार कार्य के दौरान पुराने पार्टस बदलने की स्थिति में पुराने पार्टस संबंधित मुद्रणालय के उप–संचालक को हैण्ड ओवर करना होगा ।

(xx) किसी प्रकार का काउन्टर शर्त मान्य नहीं होगा ।

संचालक
शा0 मुद्रण तथा लेखन सामग्री
छ.ग.नया रायपुर
दूरभाष क्र. 2331302

परिशिष्ट–1

विभाग में मशीनों का वार्षिक रख–रखाव अनुबंध हेतु दरें प्रस्तुत करने का निर्धारित प्रपत्रः–

स. क.	मशीन का नाम एवं आकार	मशीन प्रदायकर्ता कंपनी का नाम	वार्षिक रख–रखाव हेतु दर					
			पार्टस सहित			पार्टस रहित		
			दर	GST का प्रतिशत	कुल योग	दर	GST का प्रतिशत	कुल योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	वेब आफसेट अजीत मशीन (1) नम्बर 620 ए/2 आकार (राजनांदगांव)	मे. आल इंडिया रिपोटर इंजी. कम्पनी नागपुर						
2	वेब आफसेट अजीत मशीन (2) न 620 एपी वेब आफसेट/ (राजनांदगांव)	मे. आल इंडिया रिपोटर इंजी. कम्पनी नागपुर						
3	प्रिंट लाईन मशीन ए/2 आकार, 1 नग, (राजनांदगांव)	हिन्दुस्तान इंजी. कम्पनी						
4	प्रिंट लाईन मशीन ए/2 आकार, 1 नग (नया रायपुर)	हिन्दुस्तान इंजी. कम्पनी						
5	डिजिटल मल्टीकलर प्रिंटिंग मशीन ए/3 (कोनिका मिनोल्टा) आकार विजहब प्रो. सी. 6501 मशीन नं. 0041000596 एक नग (राजनांदगांव)	एच.सी.एल. इफो. सिस्टम रायपुर						
6	डुप्लो 440 ए/3 आकार मशीन नं. 060351690, ए कुल तीन नग दो एवं रायपुर एक नग)	एच.सी.एल. इंफो. नोएडा						
7	डुप्लो 440 ए/3 आकार मशीन नं. 260658960 (राजनांदगांव)	एच.सी.एल. इंफो. नोएडा						

1	2	3	4	5	6	7	8	9
8	डुप्लो 440 ए/3 आकार मशीन नं. 060957038 (नया रायपुर)	एच.सी.एल. इंफो. नोएडा						
9	डुप्लो 650 ए/3 आकार मं. नं. 071058226, (राजनांदगांव)	एच.सी.एल. इंफो. नोएडा						
10	डुप्लो 650 ए/3 आकार मं. नं. 071058113 (नया रायपुर)	एच.सी.एल. इंफो. नोएडा						
11	डुप्लो 650 ए/3 आकार मं. न.071058225 (नया रायपुर)	एच.सी.एल. इंफो. नोएडा						

संस्था द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि
के हस्ताक्षर एवं सील–

नाम एवं पत्राचार का पूर्ण पता–

ई–मेल ऐड्रेस–

दूरभाष/मोबाईल नं.–